# आपदा राहत कोष और मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए किया अंशदान




**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष के लिए गत दिवस को हिमाचल प्रदेश सामान्य उद्योग निगम की ओर से उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने 51 लाख रुपये का चेक भेंट किया। बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं की ओर से मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष के लिए 7.75 लाख रुपये का चेक भेंट किया। इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेन्द्र राजन ने क्षेत्र की जनता की ओर से आपदा राहत कोष के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को 25 लाख रुपये के चेक भेंट किए। कशर एसोसिएशनए ऊना ने आज यहां मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को 11 लाख रुपये का अंशदान दिया।

मुख्यमंत्री ने अंशदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अंशदान आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह, विधायक हरीश जनारथा, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव आरडी नजीम, प्रबंध निदेशक सामान्य उद्योग निगम राकेश कुमार प्रजापति और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दरबार साहिब टोटयांवाला में किया गया विशाल भंडारे व मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/बद्दी/जोगिन्द्र चन्देल**
**ओद्यौगिक क्षेत्र** बद्दी के टोटयाँवाला स्थित दरबार साहिब में प्रत्येक वर्ष की तरह रविवार को विशाल भंडारे एव मेले का आयोजन किया गया जिसे बड़ी ही धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर हजारो की तादाद में आई संगत ने दरबार साहिब में मत्था टेका व गुगा मेडी के संचालक एव भक्त किशू से आशिर्वाद प्राप्त किया। दरबार साहिब में बद्दी- बरोटीवाला-नालागढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों पंजाब- हरियाणा से भारी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे और गोगाजी वीर का गुणगान किया व प्रसाद के रूप में भंडारा ग्रहण किया। दरबार साहिब में शाम करीब 4 बजे से गोगाजी वीर का गुणगान शुरू हुआ जोकि अगली सुबह तकरीबन 3 बजे तक चलता रहा, डडुमाजरा से आई दरबारी जोडी शिशु व जितेन्द्र सिंह, काला राम एव सोनू कुमार नें सरंगी व डमरू से गोगा वीर जी का गुणगान कर आई हुई संगत को तालियां बजाने पर विवश कर दिया



जिसके बाद संगत ने भी पूरी प्रेमभावना व जोश के साथ गोगाजी का गुणगान किया। दरबार साहिब के भक्त किशु चौधरी द्वारा आई हुई संगत को गोगाजी वीर महाराज की जीवनी के बारे में बताया गया तथा किशु भक्त जी द्वारा संगत की समस्याऔं को सुना गया व संगत को मौके पर ही समस्याओं का निवारण एव समाधान बताया गया इस शुभ अवसर पर किशू भक्त के गुरू सौडी बाबा भी मौजूद रहे। इस मौके पर दरबार साहिब के भक्त किशु चौधरी द्वारा कवरेज करने गये एक्शन इंडिया के पत्रकार जोगिन्द्र चन्देल को गले में साफा डालकर स मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर शिव कुमार, बिन्दर सिंह, सतीश कुमार, यशपाल दीवान, दिनेश कुमार, चन्नु गुज्जर, सोमनाथ भक्त, मीत भक्त, सन्जू भक्त, बगा मास्टर, गौरव माथूर, अनील ठाकुर, नीरज चौधरी, पोमी प्रकाश, काका राम, रुलदाराम, सन्जू चौधरी मिलु, गुरूदयाल सिंह, सोनू, निन्दु काठा, अमित कुमार ऊना, राज कुमार ठाकुर हमीरपुर, कमलेश गांधी पालमपुर, अंकित काठा एव कुलद्वीप चौधरी के साथ-साथ दरबार सहिब की पूरी कार्यकारणी मौके पर सेवा में मौजूद रही।

# पीठासीन अधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक में शामिल हुए विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया



**टीमएक्शनइंडिया/शिमला/चमनशर्मा**
**हिमाचल प्रदेश** विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां गत दिवस को को अपराह्न 12रू15 बजे नई दिल्ली के संसद भवन के मुख्य समिति कक्ष में सीपीएस सैल, लोक सभा द्वारा आयोजित पीठासीन अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों की ब्रीफ ींग बैठक में शामिल हुए। गौरतलब है कि लोक सभा सचिवालय के सीपीए सैल द्वारा इसका आयोजन 30 सितम्बर से 06 अक्तूबर, 2023 तक अफ्रीका महाद्वीप के घाना देश अक्रा में अयोजित होने वाले 66वें राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन सीपीएस के पूर्वाभ्यास सत्र के रूप में किया गया है। इस सत्र में घाना में आयोजित होने वाले सम्मेलन से सम्बन्धित जानकारी तथा वहाँ पर किन-किन विषयों पर चर्चा होगी तथा सत्र की समय सारणी तथा उद्देश्य के बारे जानकारी दी गई। ब्रीफिंग बैठक में भाग लेने बाले

**सम्मेलन**

**▶▶ विधान सभा सचिव यशपाल तथा प्रकाश ठाकुर सचिव अध्यक्ष विधानसभा सम्मेलन में भाग लेंगे**

पीठासीन अधिकारीयों तथा प्रतिनिधियों को यात्रा सम्बन्धि जानकारी भी दी गई। इस ब्रीफिंग बैठक में देश की सभी राज्य विधान सभाओं के पीठासीन अधिकारी तथा विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी व सम्मेलन मे भाग लेने जा रहे सभी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कुलदीप सिंह पठानियां घाना में आयोजित होने वाले 66वें राष्ट्रमण्डल सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। पठानियां के साथ विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा तथा प्रकाश ठाकुर सचिव अध्यक्ष विधानसभा भी सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे।

# आपदा की इस घड़ी में मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर करें लोगों की सहायता: सुरेश कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**जिला विकास** समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक का आयोजन गत दिवस को बचत भवन में किया गया जिसकी अध्यक्षता सांसद लोकसभा सुरेश कश्यप ने की और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मनरेगा के तहत कार्य दिवस को 100 से बढ़ाकर 200 करने पर निर्णय लिया गया ताकि आपदा से हुए नुकसान को जल्द दुरुस्त किया जा सके। सुरेश कश्यप ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में हम सभी को मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर लोगों की सहायता करनी चाहिए ताकि लोगों को



इस त्रासदी से बाहर निकाला जा सके। सांसद ने शिमला जिला में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान पर चर्चा करते हुए बताया कि जिला में इस दौरान कई लोगों की मृत्यु हुई हैं तथा 2864 पक्का मकान, 1721 कच्चा मकान, 134 दुकानें और 695 गौशालाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत सभी जिलों में भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री ग्राम सडक योजना के तहत जिन सडकों का काम पूरा होने वाला था उनमें भारी बारिश से काफी नुकसान हुआ है जिन्हे अब दोबारा से सुदृढ़ किया जायेगा। इसी प्रकार पीने के पानी की परियोजनाओं को भी क्षति पहुंची थी जिन में से अधिकतर को सुदृढ़ कर लिया गया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सडकों को पूर्ण रूप से सुदृढ़ कर सुचारु बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा के दृष्टिगत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अतिरिक्त 6000 मकान प्रदेश में बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि इन मकानों का लाभ आपदा ग्रस्त लोगों को मिले। इसके अतिरिक्तए अगर किसी को घर या जमीन को हुए नुकसान के लिए राहत राशि नहीं प्राप्त हुई है तो जिला प्रशासन उसे जल्द राहत राशि उपलब्ध करवाए। बैठक में बताया गया कि कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ सीजन में मक्की की फसल के लिए 159 किसान और धान के 01 किसान का बीमा किया गया। इसके अतिरिक्त, इ-नाम के तहत जिला की पंजीकृत 04 मंडियों में 31.33 करोड़ रूपए मूल्य के 74167.25 क्विंटल उत्पादों का व्यापर किया गया जिससे 2729 किसान लाभान्वित हुए। लोक निर्माण विभाग शिमला सर्किल द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत 19 और सीआरएफ के तहत 04 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है जिन्हे इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना तृत्य चरण के तहत 178 करोड़ रूपए की लागत से 183 किलोमीटर सडकों की 16 परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

जल शक्ति विभाग के तहत शिमला सर्किल के अंतर्गत जल जीवन मिशन में 3.20 करोड़ रूपए की 54 परियोजनाओं में 20 परियोजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं और शेष को मार्च 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

# ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तैराकी प्रतियोगिता में

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
**शहर के** प्रतिष्ठित ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में तैराकी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम। स्कूल में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाने से बच्चों में प्रतिभा का विकास होता है। ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को शुरू करने से पहले तैराकी कोच



पूजा ने बच्चों को तैराकी करने के फ ायदे बताते हुए कहा कि तैरना सबसे अच्छी गतिविधियों में से एक है, जो आप सक्रिय रहने और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने, वजन घटाने के लिए कर सकते हैं। स्कूल प्रधानाचार्या निवेदिता शर्मा ने भी अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में बच्चों के बीच प्रतियोगिता होनी चाहिए। इससे बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है। प्रधानाचार्या ने स्कूल प्रबंधक कुलबीर सिंह और प्रिंसिपल डायरेक्टर पूजा मिन्हास का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने बच्चों को यह मंच देकर बहुत आभार किया है क्योंकि इस तरह की सुविधाएं हर स्कूल में उपलब्ध नहीं है। ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल की देन से बच्चों को इस तरह के लाभ प्राप्त हो रहे हैं। बच्चे भी बड़े शौक से तैराकी सीख रहे हैं। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में बांटी गई थी। प्रथम वर्ग में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के बच्चे और दूसरे वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं व तीसरे वर्ग में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के बच्चे सम्मिलित थे।

प्रथम वर्ग में युवल शर्मा एद्वितीय वर्ग में अवनी और तृतीय वर्ग में सिद्धार्थ प्रथम रहा। विजेता प्रतिभागियों को प्रबंधक कुलवीर सिंह, प्रिंसिपल डायरेक्टर पूजा मिन्हास व प्रधानाचार्या निवेदिता शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सुक्खू सरकार ने प्रदेश को महंगाई का दिया तोफा

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष** एवं पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा की हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार जब से सत्ता में आई है तब से निरंतर हिमाचल वासियों पर महंगाई का बोझ बढ़ता चला जा रहा है। इससे पहले भी आपदा के बीच ही सरकार ने डीजल पर लगने वाले वैट पर भी तीन रुपए की बढ़ोतरी की थी। हाल ही में अब सुक्खू सरकार ने प्रदेश में उद्योगों पर लगने बाली विजली शुल्क को 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 19 प्रतिशत किया गया है, एक्सट्रीम हाई टेंशन उद्योगों के लिए दर को 13 प्रतिशत से बढकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। , इसके अलावा छोटे और मध्यम उद्योगों पर बिजली बिल को 11 फ ीसदी से बढ़ाकर 17 फ ीसदी कर दिया गया है, सीमेंट संयंत्रों पर बिजली शुल्क 17 फ ीसदी से बढ़ाकर 25 फ ीसदी हो गया है जिसकी उन्होने घोर निंदा की है। उन्होंने कहा की यह सरकार औद्योगिक क्षेत्र को खत्म करने पर तुली है। पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार पर इससे पहले बद्दी में औद्योगिक घरानों को डराने धमकाने के भी आरोप लगे थे।

# उत्सव व पर्व सभ्यता, संस्कृति के परिचायक

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**
**बरमाणा के विख्यात** श्री गुग्गा मेला उत्सव की आखिरी सांस्कृतिक संध्या में एसीसी अडानी सीमेंट वर्क्स बरमाणा के प्लांट हेड संजय वशिष्ठ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च न्यायालय में कार्यरत सीनियर पैनल काउंसिल शिवपाल मनहंस ने की। गुग्गा मेला उत्सव समिति के प्रधान प्रेमचंद ठाकुर ने मुख्यातिथि व अन्य विशेष अतिथियों को शौल व टोपी भेंट कर सभी को



सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि सच में हिमाचल की देव भूमि आपसी भाईचारे और प्रेम से परिपूर्ण है। यहां के लोग मेहनती है और सुबह उठते ही भगवान को याद कर अपने दिनचर्य की शुरूआत करते है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को इस पावन श्री गुग्गा मेला उत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि यह उत्सव व पर्व हमारी सभ्यता से जुड़े हुए होते है। कहा कि मनुष्य के जीवन में जोश, उल्लास एवं उत्साह पैदा करने में उत्सवों और त्योहारों का अहम महत्व होता है। यह हमारे जीवन में प्यार-मोहब्बत, आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के रंग भरते है और यह हमारे देश की महान प्राचीन सभ्यता, संस्कृति एवं परम्पराओं के परिचायक हैं। इसी कारण से हमारी भारतीय संस्कृति की विश्वभर में अपनी एक अलग पहचान है।

# एचआरटीसी के सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए समस्या बनी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी।**
**हिमाचल पथ** परिवहन निगम सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच की अहम बैठक सोमवार को ऊना जिला मुख्यालय के पुराना बस अड्डा परिसर में आयोजित की गई। बैठक के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम के पेंशनर्स ने अभी तक पेंशन नहीं मिलने को लेकर आक्रोश जताया। इसके साथ ही मेडिकल बिलों का भुगतान और अन्य वित्तीय लाभ लंबित होने पर भी गुस्सा जाहिर किया है। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति कर्मचारी कल्याण मंच के जिला अध्यक्ष रमेश शर्मा ने की। उन्होंने चेताया है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को अनदेखा किया या उनको किसी तरह से हल्के में लिया, तो बुजुर्ग अवस्था में पहुंच चुके हिमाचल पथ परिवहन निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों को संघर्ष के रास्ते पर उतरना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली प्रदेश सरकार असल में व्यवस्था परिवर्तन करके दिखाए।

# नशे को रोकने के लिए युवाओं को सही दिशा दिखाना जरूरी: बंत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**
**बरमाणा में एक** माह तक चलने वाले गुग्गा मेला के शुरू होने के साथ ही खेल उत्सव को बढ़ावा देने के लिए एनवाईके नालग द्वारा हर वर्ष दो दिवसीय इंटर विलेज व राज्य स्तरीय बॉलीवाल खेलों का आयोजन भी करवाया जाता है। इसी कड़ी के चलते रविवार को जिला बॉलीवाल संघ के प्रधान व समाजसेवी बंत सिंह चंदेल ने बॉलीवाल खेल प्रतियोगिता का बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने युवा खिलाडियों से कहा कि ऐसे मेले के आयोजनों से जहां ग्रामीणों को मनोरंजन मिलता है वहीं इस तरह की खेलों से बच्चों को आगे बढ? तथा



कुछ सीखने की प्रेरणा भी मिलती है। खेलों को भारतीय संस्कृति एवं एकता का प्रतीक भी माना जाता है। खेल हमारी प्रगति को सुनिश्चित कर जीवन में सफ लता प्रदान करते हैं। आज सरकारी व निजी दोनों क्षेत्रों में खिलाडि?ों के लिये नौकरियाँ पाने के कई अवसर है। खेल से न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि रोजगार एवं यश तथा सम्मान भी प्राप्त होता है। खेल द्वारा राजनीतिक लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान समय में लोगों के खेलों के प्रति नजरिये में काफ ी बदलाव आया है। खेल हमें विभिन्न प्रकार से शिक्षित भी करते हैं। इससे मानवीय मूल्यों का विकास होता है साथ ही खेलों द्वारा सामूहिक चेतना का भी विकास होता है क्योंकि खेल की मूल भावना यही होती है कि अकेले नहीं बल्कि समूह में खेलना, खेल द्वारा नेतृत्व करने की कला का भी विकास होता है। खेल से रचनात्मकता को भी बढ़ावा मिलता है। आजकल खेलों में कई नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है जिससे खेलों में सटीकता और उसके अनुसार नीतिण्निर्माण में भी सहायता मिल रही है। क्लब के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि इन खेलों में राज्य स्तर की 10 व इंटर विलेज स्तर की 16 टीमें अपना प्रदर्शन कर रही है। अभी हुए जुनियर विलेज खेल प्रतियोगिता में गुग्गा भटेड़ विनर और लगट की टीम रनर उप रही जबकि सिनिएर इंटर विलज में बरमाणा विनर और नेहर हरनोड़ा रनरउप रहा।


Himachal Pradesh
Public Works Department
On line
"SHORT TERM NOTICE INVITING TENDERS"

The Executive Engineer HPPWD Division Bharmour HP on behalf of Governor of HP invites the item rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the work as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of work. | Estimated Cost (Rs.) | Starting Date for downloading Bid | Earnest Money | Deadline for submission of bid | Time Limit. | Cost of form. (Rs.) | Class of Contrs. entitled |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Annual Maintenance on link road to village Kuleth road for the year 2023-24 (SH:- Providing and laying 30mm thick Bituminous concrete in Km 0/000 to 1/000 = 1.00 Km | 1673038 | 14.09.2023 | 34,000 | 23.09.2023 up 3.00 P.M | Three Month | 500 | D & above |
| 2 | Annual Maintenance on T-01 to Gowala road (Section Tooh to Gowari ) road for the year 2023-24 (SH:- Providing and laying 30mm thick Bituminous concrete in Km4/130 to 5/00 , 5/000 to 5/610 =1.480 Km | 2463123 | 14.09.2023 | 50,000 | 23.09.2023 up 3.00 P.M | Three Month | 500 | D & above |
| 3 | Construction of Kilour to Thula Road KM 0/00 to 2/500SH:-Formation Cutting at RD 0/280 to 0/480 for jeep able to motorable) | 2001409 | 14.09.2023 | 40,028 | 23.09.2023 up 3.00 P.M | Three Month | 500 | C & D |
| 4 | Construction of Link Road from Khani to Bakroth Km 0/00 to 1/170 (SH:- Formation Cutting at RD 1/050 to 1/170 | 617758 | 14.09.2023 | 12,355 | 23.09.2023 up 3.00 P.M | Three Month | 350 | C & D |
| 5. | Construction of approach road to ITI Dadima Km 0/00 to 0/950. (SH:- P/L Soling, wearing, Tarring & Side Drain Km 0/00 to 0/950 | 2347710 | 14.09.2023 | 46954 | 23.09.2023 up 3.00 P.M | Three Month | 500 | C & D |
| 6. | Construction of road from old bus Stand to Helipad PCC a/W interlocking (SH:- M/T at approach road Helipad at RD. 0/382 to 0/655. | 1025607 | 14.09.2023 | 20512 | 23.09.2023 up 3.00 P.M | Three Month | 500 | C & D |

TERMS & CONDITIONS :-

Submission of original Document:- The original instruments in respect of cost of documents and EMD should and other Technical Documents be submitted to the tender inviting Authority i.e. Executive Engineer, Bharmour Division HPPWD Bharmour on a date later not later than threeworking day after the opening of tender i.e. 25.09.2023 at 11.30 AM.
The undersigned has right to extend or cancel the bid without declaring any reasons thereof.
The bidders are advised to note other details of tenders form the department website www.hptenders.gov.in

Ro No. 2612/2023-2024

Executive Engineer
Bharmour Division
HP. PWD Bharmour
On behalf of the Governor of Himachal Pradesh

# सांसद प्रतिभा सिंह को मंडी की जनता ढूंढ रही है, ना जाने वो कहां गायब है: सुरेश कश्यप

## सांसद होते प्रतिभा सिंह सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी का अस्तित्व बचा नहीं पाई

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा के पूर्व प्रदेश** अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा की मंडी की सांसद प्रतिभा सिंह का पत्र हमें प्राप्त नहीं हुआ है। हम उनको बताना चाहेंगे कि पत्र लिखने से कुछ नहीं होगा, वह मंडी की संसद भी है और कांग्रेस पार्टी की प्रदेश की प्रदेश अध्यक्षा भी है उनका स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना चाहिए। इस आपदा की घड़ी में वैसे भी केंद्र सरकार ने किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखी है, एक ओर केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आपदा के लिए 1200 करोड़ से अधिक की राशि उपलब्ध कराई है,



आपदा प्रभावित लोगों को 6000 से ज्यादा घर उपलब्ध करवाए गए हैं और प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत 2643 करोड़ की राशि स्वीकृत की है, शायद कांग्रेस नेताओं को यह दिखता नहीं है। अब काम तो कांग्रेस सरकार को करना है केंद्र तो सहायता प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा की जनता की मदद करने के लिए तत्पर है और एमपी लैड फंड से पूर्ण रूप से जनता को सहायता प्रधान कर रहे है। मैंने स्वयं अपने संसदीय क्षेत्र में 15 टन का राशन वितरण किया है। दूसरी ओर प्रशासन जनता को राहत प्रदान करने में पूरी तरह फेल है, जिन मकानों में दरारें आई है उनको पटवारी द्वारा कहा जा रहा है कि पहले मकान गिरेंगे तो उनको राहत राशि प्रदान की जाएगी और जिन लोगों को तरपाल एवं प्लास्टिक शीट दी गई है उनको यह बोला गया है कि आपदा के बाद यह वापस भी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सिंह स्वयं मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद है और उनकी ही कांग्रेस सरकार में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से 80 से ज्यादा कॉलेज छीन लिए गए हैं, अफ सोस की बात तो यह है कि प्रतिभा सिंह के होते ऐसा कठोर कदम इस सरकार ने उठाया। इस कृति से साफ है कि कांग्रेस पार्टी मंडी संसदीय क्षेत्र के साथ अन्याय कर रही है और मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता इससे परेशान है। यहां तक कि अगर आप मंडी का संसदीय क्षेत्र की जनता से बात करो तो वह खुद कहते हैं कि यहां की संसद संसदीय क्षेत्र से गायब है, जनता आपको ढूंढ रही है और आप केवल पत्र लिख रहे हैं जो की अभी तक हमें मिले भी नही है। कश्यप ने कहा कि मैं प्रतिभा सिंह को याद दिलवाना चाहता हूं कि हिमाचल में इस बार जब पहली प्राकृतिक आपदा कुल्लू-मनाली व मंडी में आई थी तो उसी समय पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल को 180 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की थी उसके एक सप्ताह की भीतर 183 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि की दूसरी किश्त जारी की थी। उसके बाद पीएम मोदी ने 2643.01 करोड़ रुपए प्रधान मंत्री ग्राम सडक योजना के तहत स्वीकृत किए हैं, उसके बाद पीएम मोदी ने शिमला में आई प्राकृतिक आपदा के समय 200 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की है लेकिन शायद सांसद प्रतिभा सिंह अपनी रजवाड़ी शाही के चलते आम जनता के दुख दर्द से दूर है और पीएम मोदी द्वारा करीब 3000 करोड़ से ज्यादा दी गई आर्थिक सहायता राशि से अनभिज्ञ है।

# 18 को होगी ईवीएम व वीवीपट्स की फंक्शनलटी जांच आरंभ



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**भारत निर्वाचन** आयोग के दिशा निर्देशानुसार जिला मुख्यालय ऊना में आगामी 18 सितंबर को ईवीएम व वीवीपट्स की एफएलसी (फंक्शनलटी जांच) आरंभ होने जा रही है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊना राघव शर्मा ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि ईवीएम तथा वीवीपीएटी की एफएलसी (फंक्शनलटी जांच) के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की शत प्रतिशत अनुपालना की जाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस प्रक्रिया के दौरान अपने दो-दो प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक में ऊना जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की युक्तिकरण संबंधी कार्यप्रगति वारे भी विस्तृत चर्चा की गई।

मतदान केंद्रो के युक्तिकरण के विषय में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 41-चिंतपूर्णी (अनुसूचित जाति) तथा 42-गग्रेट विधानसभा क्षेत्रों से मतदान केंद्रो के युक्तिकरण बारे कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### आपदा में मकान टूटने के बाद भी नहीं टूटी शिरगुल देवता के प्रति श्रद्धा और आस्था

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ।** नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंजाहल पंचायत के छोटे से गांव सूर्या ननाह गांव के राकेश ठाकुर ने सिरमौर शिमला क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल देवता पर पहली बार भजन लिखा और गया भी है। राकेश ठाकुर ने पंजाब यूनिवर्सिटी से संगीत में मास्टर की डिग्री हासिल की है।बावजूद इसके उन्होंने पहली बार सिरमौरी भाषा में आराध्य देव को समर्पित पहले भजन गाकर गायकी की दुनिया में पहला कदम रखा है। राकेश ठाकुर का गया हुआ यह भजन लोगों के दिलों की गहराइयों को भी छू रहा है। बता दें कि शिरगुल देव भगवान शिव का रूप है।जिनका निवास स्थान सिरमौर की सबसे ऊंची धार्मिक चोटी चूड़धार पर निवास है। यह वह स्थान है जहां हर वर्ष देश प्रदेश के हजारों श्रद्धालु भोले बाबा के दर्शन करने आते हैं। बता दे कि हाल ही में भारी बारिशों के चलते राकेश ठाकुर के घर और जमीन को भारी नुकसान पहुंचा था। घर में इतनी लंबी-लंबी दरारें आ चुकी थी कि घर अब गिरा तब गिरा वाली नौबत आ गई थी। यही नहीं उनके गांव में कई लोगों के घरों को और जमीन को भारी नुकसान पहुंचा था। पूरा का पूरा परिवार भारी मानसिक तनाव से गुजर रहा था। बावजूद इसके इस परिवार की अगाध श्रद्धा अपने इष्ट देव भगवान शिरगुल के प्रति जरा भी टस से मस न हो सकी। राकेश ठाकुर को भगवान शिरगुल का ऐसा आशीर्वाद मिला कि उनके कंठ में साक्षात सरस्वती ने स्थान लेते हुए उनके द्वारा पहली बार गाये भजन को लोगों के दिलों में उतार दिया। राकेश ठाकुर के इस गीत को शुभम शर्मा ने संगीत दिया है। राकेश ठाकुर की दिल की तमन्ना है कि वह अपने हिमाचल के लोक को खासतौर से सिरमौर के उन परंपरागत गानों को जो लुफ्तहांसा हो चुके हैं उन्हें फिर से सुर और स्वर देकर देश प्रदेश में अपनी खोई हुई पहचान को फिर से बनाया जाए। उन्होंने कहा कि गाना तो पहाड़ी भाषा में कोई भी गा सकता है मगर उसे गाने में सुर और स्वर का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है।

### डिजिटल अपस्किलिंग के माध्यम से डिजिटल समावेशन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है पीएंडजी शिक्षा का प्रोजेक्ट प्रगति

**बद्दी**: ओरल.बी, व्हिस्पर आदि जैसे ब्राण्ड्स की निमार्ता प्रॉक्टर एंड गैम्बल इंडिया (पीएंडजी इंडिया)ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस से पहले जानकारी दी है कि कंपनी प्रोजेक्ट प्रगति के माध्यम से महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय की डिजिटल अपस्किलिंग कर रही है।यह डिजिटल अपस्किलिंग की विशेष पहल कंपनी के प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम पीएंडजी शिक्षा का एक हिस्सा है।राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2020-21 के अनुसार भारत के शहरी इलाकों की 70 प्रतिशत महिलाओं ने इंटरनेट का इस्तेमाल किया है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या 49.6 प्रतिशत है। इससे महिलाओं की डिजिटल साक्षरता में एक बड़ा लैंगिक अंतर दिखता है जो कि महानगरीय क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक स्पष्ट है। इसे देखते हुए प्रथम इंफोटेक फाउंडेशन और हमसफर ट्रस्ट के साथ भागीदारी में प्रयोग के तौर पर शुरू हुई इस पहल का लक्ष्य हाशिये पर खड़े समुदायों की रोजगार योग्याता बढ़ाने में मदद करना और उन्हें भविष्य के लिये आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिये उन्हें महत्वपूर्ण डिजिटल कुशलताओं से सुसज्जित किया जाएगा जो कि टेक्नो?लॉजी के युग में अनिवार्य हो गई हैं। पायलट प्रोजेक्ट के हिस्से के तौर पर यह कार्यक्रम 600 से ज्यारदा महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स पर सकाराक्तमक असर डाल चुका है और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिये पीएंडजी इंडिया की प्रतिबद्धता दिखा रहा है जहाँ सभी के लिये समानता और समावेशिता हो कंपनी के भीतर और बाहर दोनों जगहों पर। पीएंडजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एल. वी.वैद्यनाथन ने कहा पीएंडजी में समानता और समावेशन वे मार्गदर्शक तत्व हैं जो हमें बराबरी वाला कल बनाने के अपने लक्ष्य की दिशा में आगे प्रेरित करते हैं। प्रोजेक्ट प्रगति का जन्म इसी विश्वास से हुआ है और इसका लक्ष्य है डिजिटल साक्षरता में अंतर को दूर करना तथा जरूरतमंद समुदायों को उनकी पूरी क्षमता में जीने के लिये समर्थ बनाना। इसके लिये उन्हें अनिवार्य डिजिटल कुशलतायें प्रदान की जाती हैं जो कि बीतते समय के साथ महत्वपूर्ण होती जा रही हैं। इसके अलावा कंपनी की सीएसआर सम्बंधी कोशिशों को पूरा करते हुए उसके कर्मचारी भी वालंटीयर्स के रूप में आगे आते हैं और उन समुदायों के लिये डिजिटल अपस्किलिंग के प्रशिक्षण में भाग लेते हैं जिनके साथ उनका काम होता है।यह रोजगार के अवसरों और सामाजिक .आर्थिक सशक्तिकरण को ठोस तरीके से प्रभावित करने के लिये होता है। इसके साथ ही प्रोजेक्ट् प्रगति ने 1 लाख से ज्यादा लोगों पर असर डाला है जिनमें स्कूनली छात्रायें, आईटीआई कॉलेजों के ग्रेजुएट विद्यार्थी,महिलायें और ट्रांसजेंडर समुदाय के लाभार्थी शामिल हैं।

# पेड़ों के कटान से हटाया जाए प्रतिबंध: सीताराम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**राष्ट्रीय स्वतंत्रता** किसान मोर्चा के अध्यक्ष ठाकुर सीताराम ने जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि सरकार ने जो पेड़ों के काटने पर प्रतिबंध लगाया है, उसे तुरंत हटाया जाए। किसान अपनी निजी भूमि से पेड़ काटकर अपनी आवश्यकताओं को पूरी करते हैं व अपनी निजी भूमि से पेड़ कटवा कर अपने घर का खर्चा बगैरा निकालते हैं, लेकिन सरकार द्वारा अब इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से अपनी आवश्यकताओं को पूरी नहीं कर सकते। किसान हर वर्ष अपनी निजी भूमि में पेड़ लगवाते हैं और उनकी देखभाल भी करते हैं, लेकिन सरकार द्वारा जो जंगलों में पेड़ लगाए जाते हैं, उन पर लाखों रुपया खर्च किया जाता है। बावजूद इसके धरातल पर कुछ भी नहीं होता। पेड़ गर्मियों में सुख जाते हैं और वहां पर रेगिस्तान बन जाता है। सरकार द्वारा लगाए के लाखों रुपए के पेड़ों की जांच होनी चाहिए कि वह कहां पर गए। ठाकुर सीताराम ने सरकार से मांग की है की पेड़ों पर लगे प्रतिबंध को तुरंत हटाया जाए, ताकि किसान अपनी निजी भूमि से पेड़ कटवा कर अपनी रोजी-रोटी चला सके।

# नेगी ने राहत एवं पुनर्वास कार्य की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल।**

**राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय** विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज जिला किन्नौर में भारी बारिश व बाढ़ से हुए नुकसान की राहत एवं पुनर्वास कार्य की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला के निगुलसरी में पहाड़ के दरकने से लगभग 380 मीटर तक अवरूद्ध हुए राष्ट्रीय उच्च मार्ग-05 की बहाली कार्य की समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की। बागवानी मंत्री ने कहा की राष्ट्रीय उच्चमार्ग-05 की बहाली तक सेब और मटर की फ सलों को मंडी तक पहुंचाने के लिए निगुलसरी में



रज्जू-मार्ग स्थपित किया गया है, जिसमें जिला के किसानों व बागवानों की सभी प्रकार की फ सलों को निःशुल्क भेजा जाएगा। उन्होंने जिला किन्नौर के लोगों तक सब्जी, दूध, अन्य आवश्यक खाद्य पदार्थ इत्यादि सभी दैनिक उपयोग की वस्तुओं को पहुंचाने के लिए अधिकारियों को वस्तुओं की ढुलाई करवाने के निर्देश दिए ताकि जिला के लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने अवरुद्ध मार्ग की बहाली में मशीनरी व तकनीकी सहयोग के लिए पटेल कंपनी, भारतीय सेना, सतलुज जल विद्युत निगम लिमेटिड, जेएसडब्लयू, शोरंग परियोजना व अन्य ठेकेदारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, हिमाचल पथ परिवहन निगम, लोक निर्माण, जल शक्ति विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों का निगुलसरी भूस्खलन में तत्परता से कार्य करने के लिए उनके कार्य की सराहना की।

# नगर पंचायत गगरेट का पार्क जनता को समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

नगर पंचायत गगरेट द्वारा निर्मित पार्क व शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का विधायक चैतन्य शर्मा ने विधिवत लोकार्पण किया। नगर पंचायत पार्क पर करीब 14 लाख की लागत से प्रदेश की संस्कृति को संजोए हुए खूबसूरत पेंटिंग के साथ साथ पार्क में एक सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है। नगर पंचायत प्रशासन का दावा है कि गगरेट के बस अड्डे में बना ये पार्क और सेल्फी पॉइंट स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, क्योंकि इस पार्क की दीवारों पर हिमाचल प्रदेश की पूरी संस्कृति को उकेरा गया है।



जिसमें माता चिंतपुर्णी की तस्वीर के साथ-साथ शिवबाड़ी मंदिर, धर्मशाला के भागसू फॉल, शिमला का ऐतिहासिक चर्च, पहाड़ी नाटी, अटल टनल जैसी हिमाचल की लेंडमार्क जगहों को पेंटिंग से उकेरा गया है। इसी पार्क में बैठने के साथ के अलावा सेल्फी पॉइंट जिस पर वी लव हिमाचल लिखा है वो शाम होते ही दुधिया रोशनी से आकर्षक लग रहा है। गगरेट के पुराने बस अड्डे के ठीक सामने भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों सहित शहीद भगत सिंह की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस मूर्ति पर करीब 5 लाख की लागत आई।

# कन्या कॉलेज में पीटीए की आम सभा 16 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**लाला जगत नारायण** हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय में सत्र 2023-2024 के लिए पीटीए कार्यकारणी के गठन के लिए आम सभा का आयोजन 16 सिंतबर को दोपहर 2 बजे महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अरुणा भारद्वाज ने अभिभावकों से पीटीए की आम सभा में पहुंचने का आग्रह किया।

# जी20 में धरोहर गांव नग्गर की ग्रामीण महिलाओं के हुनर को मिली पहचान



**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

कुल्लू कारीगरी को अब मिलेंगे रोजगार के अवसर। देश की राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितम्बर को आयोजित हुए जी 20 सम्मेलन में हि.प्र. राज्य हस्तशिल्प एवं निगम की ओर से लगायी गयी प्रदर्शनी में धरोहर गांव नगर की महिलाओं द्वारा क्रोएशिया से बनाये गये डॉल्स गद्दी-गद्दन और स्नो लियोपर्ड्स ने एजी 20 सम्मेलन में भाग लेने आये मेहमानों को अपनी ओर आकर्षित किया है। सभी की नजर इन कुल्लू डॉल्स पर ठहर सी जाती थी। इतने बड़े मंच पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा हाथों से बनाये गये उत्पादों को प्रदर्शित करने का पहला मौका थाए जिससे जहाँ कुल्लू तथा हिमाचल कि शान बढ़ी है वहीं नगर की ग्रामीण महिलाओं के हुनर को भी एक नई पहचान मिली है। हिमाचल की लोक संस्कृति और वेशभूषा पर आधारित ये डॉल्स एस्नो लियोपर्डस और अन्य खिलौनों ने हिमाचली संस्कृति को एक नया आयाम प्रदान किया है। अब ग्रामीण महिलाओं के हाथों की कारीगरी को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। गौरतलब है कि इस कार्य को अंजाम देने के लिये पिछले दो वर्षों से चैप फ उंडेशन (सिविक हेल्थ एण्ड प्रोग्रेस) नग्गर और कुल्लू की महिलाओं के साथ मिलकर अथक प्रयास कर रही थी, पर इंतजार था सही मंच मिलने का। परन्तु अब जब इसे देश की राजधानी दिल्ली के जी 20 सम्मेलन में आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया तो इसे सही पहचान मिली है। चैप फ उंडेशन कि फ उंडर डायरेक्टर अपर्णा अग्रवाल ने बताया कि इन महिलाओं के अथक प्रयास का ही नतीजा है कि इनके हाथों द्वारा बनाये गये गद्दी-गद्दन डॉल्स और सनो लियोपर्ड्स ने जी 20 में आए विदेशी मेहमानों को आकर्षित किया है, जिससे इन महिलाओं को हौंसला मिला है उन्होंने ये भी बताया कि राज्य हस्तशिल्प एवं निगम हिमाचल की मदद से ही ये उत्पाद जी 20 की प्रदर्शनी में प्रदर्शित हो पाए हैं जिसके लिये हम विभाग के आभारी रहेंगे।

# अनुशासन ही खिलाड़ियों को ऊंचाईयों तक ले जाता है: लाल

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**

**रविवार को खंड** स्तरीय अंडर-19 छात्र वर्ग की विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्यांज मे हुआ। प्रतियोगिता के विधिवत उद्घाटन में हिमाचल को ओपरेटिव बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल ने ध्वजारोहण कर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा अनुशासन ही खिलाडि ?ों को ऊंचाइयों पर पहुंचाता है। उद्घाटन अवसर पर सभी प्रतिभागी स्कूलों के बच्चों ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्यांज



की बैंड धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट करते हुए मंचासीन अतिथियों को सलामी दी। इसके साथ ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्यांज के छात्रों ने स्वागत गान एवं शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्यतिथि लाल सिंह कौशल ने अपने संबोधन में खिलाडि ?ों की हौसला अफ जाई करते हुए कहा कि प्रतिभागी को उनका अनुशासन ही विजेता बनाता है अनुशासन ही खिलाडि ?ों के जीवन की ऊंचाइयों तक ले जाता है। खिलाड़ी पूरी ईमानदारी,निष्ठा, लग्न एवं अनुशासन के साथ खेलें। गौतलब हो कि स्यांज स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में सरकारी एवं निजी, बीस स्कूलों के लगभग चार सौ छात्र प्रतिभागी विभिन्न खेलो में भाग ले रहे है।

कार्यक्रम में खेल प्रतिभागी बच्चों को मुख्यतिथि ने अपनी ऐच्छिक निधि से इक्कावन सौ रुपए की राशि वितरीत की।

# निराशा जनक रहा प्रदेश सरकार का कार्यकाल: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**कांग्रेस सरकार** का नौ महीने का ये कार्यकाल अत्यंत निराशाजनक है। लोकप्रियता रसातल में चली गई है। एक भी योजना ढंग से लागू नहीं हुई है। हर तरफ अफ रा-तफ री का माहौल है। मंत्री एक दूसरे के खिलाफ बोल रहे हैं। मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष नेता जयराम ठाकुर ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही यह सरकार प्रदेश पर ऋ ण को लेकर झूठ बोल रही है। पिछले तीन महीने से त्रासदी का दौर चल रहा है। इस प्रकार से बातें बोली जा रही है कि केंद्र



ने कुछ किया ही नहीं। अब इतनी मदद के बाबजूद राजनीतिक रूप से आपदा का सारा ठीकरा केंद्र पर फ ोड़ा जा रहा है। अगर बस में नहीं है तो सरकार चलाने में असमर्थता जता दो। इतनी मदद मिलने के बाबजूद कह रहे कोई मदद नहीं मिली। अभी तक साढ़े आठ सौ करोड़ की राशि केंद्र से मिल चुकी है और 400 करोड़ सीआरएफ के तहत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी ने सडकों का रख-रखाव करने को देने की घोषणा की है। केंद्र से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए छः हजार से अधिक के आवास मंजूर हुए हैं। मुख्यमंत्री विपक्ष को कह रहे आप आपदा में राजनीतिक बातें न करें और खुद हर रोज केंद्र से कोई मदद नहीं मिल रही है ऐसा बोलकर झूठी राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं जबकि सच ये है कि नुकसान की भरपाई करने में केंद्र हर संभव मदद कर रहा है। आपदा में सरकार बिलकुल भी गंभीर नहीं दिखी। बागवान और किसान उत्पाद नदी नालों में फेंकने को मजबूर है क्योंकि सरकार सडकें नहीं खोल पाई है। अब उल्टे उनपर लाखों रुपए का जुमार्ना वसूला जा रहा है। 18 सितंबर से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है। ये सब मामले विपक्ष सदन में उठाएगा। मुख्यमंत्री विपक्ष को अपनी बात रखने से नहीं रोक सकते। बंद करने की ये दुर्भावना थम नहीं रही है। अब मंडी में दो साल पहले खोली यूनिवर्सिटी भी बंद की जा रही है। हम इंडस्ट्री हिमाचल में खोलने के लिए लगे रहे और यहां ये सरकार बंद करने जा रही है। उद्योगपति इंडस्ट्री छोडकर जा रहे हैं। नौ महीने का कार्यकाल बहुत ही निराशाजनक रहा है। मंडी को खंडहर बनाने की कोशिश हो रही है जिसे हम बरदाश्त नहीं करने वाले हैं। आने वाले दिनों में लंबा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# केंद्रीय विद्यालय नादौन में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत स्वरचित कविता पाठ का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**इस प्रतियोगिता** में विद्यालय के सभी बच्चे बहुत ही उत्साहित नजर आए। प्रतियोगिता में कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। नवीं कक्षा के पर्जन्यसिंह ने अपनी हास्य कविता समस्त मॉनीटर प्रस्तुत की जिसे सुनकर सभी हंसकर लोटपोट हो गए। सब जिसे सुनकर कनिष्ठ वर्ग में आठवीं कक्षा की छात्रा श्रेया ने प्रथम, आठवीं कक्षा की वसुंधरा ने द्वितीय एवं सातवीं कक्षा की आशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में दसवीं की सलोनी ने प्रथम, दिशा ने द्वितीय




एवं कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में अशोक कुमार, अजय कुमार एवं जयसिंह सर शामिल रहे जिसमें अजय कुमार ने बच्चों को हाव-भाव सहित कविता प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य एसडी लखनपाल ने विद्यार्थियों को उनकी उतम प्रस्तुति हेतु ये उनका सराहनीय प्रयास बताया एवं बच्चों को हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय की पाठ्य सहगामी गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में मंच का संचालन हिन्दी पखवाड़ा प्रभारी ललिता ने किया।

# द्रंग पुलिस चौकी ना हो शिफ्ट, 5 पंचायतों के लोगों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
द्रंग पुलिस चौकी को पधर थाना में शिफ्ट न करने को लेकर टांडू पंचायत के युवा प्रधान शुभम शर्मा की अगुवाई में चार पंचायतों के प्रधान, बीडीसी और वार्ड मेंबरों ने जिला उपायुक्त अरिंदम चौधरी के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को जिला मुख्यालय मंडी में द्रंग पुलिस चौकी का मुद्दा जोर शोर से गमार्या। इसकी अगुवाई कर रहे ग्राम पंचायत टांडू के प्रधान शुभम शर्मा के नेतृत्व में द्रंग क्षेत्र के समीप की करीब आधा दर्जन पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य, प्रधान, उपप्रधान, वॉर्ड



पंच जिला प्रशासन के द्वार पहुंचे और सरकार को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि द्रंग थाने को पधर ले जाने से स्थानीय पंचायतों को कोई आपत्ति नहीं हैं परंतु द्रंग पुलिस चौकी को पुनः इसी स्थान पर स्थापित किया जाए। ग्राम पंचायत टांडु के प्रधान शुभम शर्मा ने कहा कि वर्षों से यह चौकी यहीं थी। इसी स्थान पर विभाग की अपनी 7 से 8 बीघा जमीन व भवन भी है तो कम से कम पुलिस चौकी तो यहीं रहनी चाहिए जिससे करीब आधा दर्जन पंचायते प्रभावित होती हैं। अभी पधर में थाने का नवभवन निर्माणधीन है और अफ रा-तफ री के हालात में इसे पधर तहसील के पुराने भवन में स्थानांतरित किया जा रहा है जो कि सरकार व विभाग की मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि द्रंग इलाके के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। पुलिस चौकी के होने से क्षेत्र में शांति बनी हुई थी अगर चौकी अब यहां से स्थानांतरित होती है तो अपराध को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यहां स्थित विभागीय भवन व जमीन के देखभाल कौन करेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी की अधिसूचना अगर सरकार जल्द नहीं करती है तो इन पंचायतों के स्थानीय लोग अपना हक वापिस लेने के लिए सडकों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

# बाबा भूतनाथ मंदिर में महिलाओं से हुआ दुर्व्यवहार, डीसी के पास पहुंचा मामला

## महिलाओं ने उपायुक्त म□डी से लगाई न्याय की गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी खेमचंद शास्त्री। बाबा भूतनात** मंदिर में महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त मण्डी अरिंदम चौधरी से मिला और एक ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि जन्माष्टमी के दिन महिलाएं प्रसाद बांट रही थी और मंदिर के साथ एक छोटा सा कमरा हैं जहां महिलाएं हर साजा के दिन हवन करती हैं । इसी दौरान वहाँ व्यक्ति अपने परिवार के साथ आता है और उन्हें बाहर निकलने को कहता हैंए और अभद्र व्यवहार करता हैं। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि यह व्यक्ति जब महिलाएं भजनए कीर्तन करती हैं तब भी वहां आता हैं और उन्हें



और बच्चों को धमकियां देता हैं जिससे मंदिर का वातावरण खराब हो रहा हैं। उन्होंने इस व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति खुद को सरकारी कर्मचारी बताता हैं और अपना चैनल का हवाला देकर उन्हें बदनाम करने की धमकी देता हैंएऔर व्यक्ति द्वारा मंदिर परिसर में 8 दिन पहले ही गणपति की स्थापना कर दी हैं।जिस पर प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई हैं ताकि मंदिर में भक्ति का वातावरण बना रहे।

# बाजीगर समुदाय के लिए बनाया जाएगा सामुदायिक भवन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। भद्रकाली गांव** में बाजीगर सुधार सभा की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह ने की। बैठक में प्रदेश कांग्रेस सरकार से बाजीगर समुदाय के लिए सामुदायिक भवन की मांग उठाते हुए कहा कि इस समाज के लिए जिला ऊना में कोई उचित स्थान नहीं है, जिसके कारण समुदाय के लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सभा ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए जिला प्रशासन को जरुरी दस्तावेज की फाइल दी है, जिसके चलते सरकार इस समाज को सामुदायिक भवन के लिए बजट मुहैया करवाए।

# भाजपा संगठन में पद नहीं दायित्व दिया जाता है: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**भारतीय जनता** पार्टी संगठन आत्मक ढांचे में पद नहीं बल्कि दायित्व देती है जिन लोगों को दायित्व दिया जाता है उनकी पार्टी समय समय पर समीक्षा करती है। मंडी में सदर भाजपा मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष नेता जय राम ठाकुर ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में पद नहीं दायित्व दिया जाता है। कई बार पद मिलने से व्यक्ति में ऐसा भाव भी देखने को मिलता है कि वो उस दिए गए दायित्व का रोभ झाड? लग जाता है लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि पार्टी ने



जो दायित्व दिया है उसकी सभी समीक्षा करते हैं। भारतीय जनता पार्टी एक व्यवस्था के मुताबिक चलती है जिस कारण ही आज ये दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। मैं आपकी नई कार्यकारिणी को बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि आज से ही आप एक्शन मोड़ में आकर पार्टी का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के तय कार्यक्रम के तहत एक से 15 सितंबर तक लोगों के घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह, 18 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, 19 से 22 सितंबर तक आयुष्मान भारत कार्ड बनाने, 22 और 23 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर लगाए जायेंगे जबकि 24 को देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनी जाएगी। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई जाएगी और दलित बस्ती में कार्यक्रम होंगे। दो अक्टूबर तक बूथ सशक्तिकरण अभियान चलेगा। 2 अक्टूबर को ही गांधी जयंती पर पहले जी तरह सफ ाई कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि दो ऐतिहासिक कार्य इस माह हुए हैं। चांद पर चंद्रयान की सफ ल लैंडिंग और जी-20 के कार्यक्रम देश में हुए हैं। दोनों में ही दुनिया ने भारत और हमारे प्रधानमंत्री की ताकत देखी है जिसे हमें गांव-गांव तक अपने कार्यकताओं के बीच ले जाना है। इस मौके बैठक में विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में आजकल आगे निकलने की होड़ लगी है। स्कूलों के कार्यक्रम में बुलाने के लिए अध्यापकों और अधिकारियों को डराया धमकाया जा रहा है। उल्टे सीधे काम करवाने के लिए अधिकारियों को धमकाया जा रहा है। भाजपा में ऐसा नहीं है यहां बहुत अनुशासन है। मन मुटाव चले रहते हैं लेकिन हमने देखना है कि हमारे पास नेतृत्व कैसा है। देश में मोदी के सामने दूसरे दलों के सभी नेता फ ीके हैं। हिमाचल में जो नेतृत्व हमें मंडी में मिला है उसको हमें दोबारा सत्ता में लाकर मंडी का मान सम्मान लौटना है। 2024 के चुनाव में हम कांग्रेस का मनोबल तोडकर ही सत्ता में आएंगे क्योंकि हमारे पास केंद्र में सशक्त नेतृत्व है। मैं जयराम ठाकुर को आश्वस्त करता हूं कि आप हमारे कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ाने के लए आते रहें और हम आपको आगे बढ़ता देखना चाहते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### देश की संसद में आयोजित प्राइड लोकसभा कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। नेहरू युवा** केंद्र कुल्लू युवा मामले विभाग भारत सरकार की जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस की स्मृति में भारत के संसद में प्राइड लोकसभा नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा मामले विभाग भारत सरकार की तरफ से 25 युवाओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा और प्रधानमंत्री के साथ एक युवा संवाद का अवसर भी मिल सकता है। प्रतिभागियों को संसद के केंद्रीय सभागार में विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम का विषय लाल बहादुर शास्त्री-अमृतकाल में उनके जीवन के सबक और विरासत रहेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक युवा प्रतिभागी का चयन हिमाचल प्रदेश से भी होना है। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी की आयु 1 अक्टूबर 2023 को 18 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए एवं प्रतिभागी कुल्लू जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है। सर्वप्रथम चयन प्रक्रिया जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी जिसमें प्रतिभागियों के संख्यानुसार निर्णय ले कर ऑनलाइन या लाइव समिति के समक्ष भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसका विषय है लाल बहादुर शास्त्री अमृत काल में उनके जीवन से सबक एवं विरासत रहेगा एभाषण का समय तीन मिनट रहेगा एवं तीन सदस्यो के निर्णायक मण्डल द्वारा जज किया जाएगा निर्णायक मंडल द्वारा किया गया निर्णय ही फ ाइनल माना जाएगा, जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला प्रतिभागी राज्य स्तर पर भाग लेगा, राज्य स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा एवं राज्य स्तर पर प्रथम आने वाले प्रतिभागी की भाषण की वीडियो राष्ट्रीय स्तर के चयन हेतु नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा मामले विभाग भारत सरकार के मुख्यालय भेजी जाएगी।

### भरी बंदूक के साथ सेल्फ ी लेते दबे ट्रिगर से साथी घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। जिला सिरमौर** के रेणुका क्षेत्र में बंदूक की गोली चलने से एक दिल्ली का पर्यटक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली लगने से घायल हुए युवक का चंडीगढ़ में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि इलाज के बाद पर्यटक की हालत स्थिर बनी हुई है। असल में ये मामला सिरमौर जिले के श्री रेणुकाजी के पास ऑन खादरी में एक ढाबे पर हुआ है। दिल्ली वापस जा रही चार युवकों की एक टोली में से एक युवक ने बंदूक के साथ सेल्फ ी लेनी चाही तो बंदूक चल पड़ी, जो मनीष को लगी। इस घटनाक्रम में बुरी तरह घायल मनीष को नाहन मेडिकल कॉलेज से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के चार युवक श्री रेणुकाजी घूमने आए थे। शाम को वापस दिल्ली लौटते हुए ऑन खादरी के पास एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके। उनमें से दो युवक गैलरी पर घूमते हुए ढाबे के एक कमरे में टंगी बंदूक को निकालकर ले आए। एक युवक ने बंदूक के साथ सेल्फ ी खींचनी चाही, लेकिन लोडेड बंदूक चल पड़ी और उसमें से निकले छर्रों ने मनीष को घायल कर दिया।

### श्रम कल्याण बोर्ड से जुड़े कामगार 10 दिन में जमा करवाएं आवश्यक दस्तावेज

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष। हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड सोलन ने अपने पंजीकृत कामगारों एवं लाभार्थियों से आग्रह किया है कि वह अपने परिवार नकल की स्व सत्यापित फ ोटो कॉपी पथा परिवार नकल के अनुसार अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की स्व सत्यापित फ ोटो कॉपी 10 दिनों के भीतर श्रम कल्याण अधिकारी सोलन, जिला सोलन के कायालय में स्वयं अथवा डाक के माध्यम से जमा करवाएं। यह जानकारी श्रम कल्याण अधिकारी सोलन ललित शर्मा ने दी।ललित शर्मा ने कहा कि जिला सोलन में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य करने वाले कामगारों को श्रम कल्याण बोर्ड के माध्यम से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं के लाभ नियमित रूप से प्राप्त करने के लिए परिवार नकल की स्व स्तयापित फ ोटो कॉपी पथा परिवार नकल के अनुसार अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की स्व स्तयापित फ ोटो कॉपी जमा करवानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए श्रम कल्याण अधिकारी के कार्यालय दूरभाष नम्बर 01792-298575 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# देवता कुंईरी महादेव के त्रैमासिक फेर में जगह-जगह हो रहा नाटी का भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
**खण्ड आनी** के सुप्रसिद्ध देवता भगवान वेदव्यास कुंईरी महादेव आजकल अपने हारियान क्षेत्र के त्रैमासिक दौरे पर हैं। आजकल देवता साहिब रेहुशल हार के करोट गांव पहुंच चुके हैं, करोट तथा पोखरी गांव में कूर भरने के पश्चात अब पांच दिन तक प्रभु खनैरी, दरथेड, कांडी, चनास तथा वरोट गांव में उटकर भरेगें तथा जगह-जगह पर गांववासियों की ओर से धाम के साथ नाटी का भव्य आयोजन किया जाएगा। आशीष शर्मा ने बताया कि 15 सितम्बर को प्रभु करोट से लाव लश्कर सहित पटारना के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां पर 10 भार कूर भरा जाएगा और धाम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 16 सितम्बर को फ रूटी गांव में पहुचेगें तथा 17 सितम्बर को संग्राद को सुबह प्रभु के झाल्ला फ रूटी गांव में होगा तत्पशचात गांववासियों की ओर से साढे सात भार कूर होगा तथा 18 सितम्बर को देवता जी का स्नान सुबह शोधा गांव में होगा तत्पशचात गांववासियों की ओर से पांच भार कूर होगा उसके बाद दोपहर को प्रभू देवलू संग सिसरी मेले में लाव लशकर सहित प्रस्थान करेगें। 19,20 सितम्बर को प्रभु अपने सिसरी मेले में प्रस्थान करेगें तथा शाम को शाकटी स्थित कैंद के दौरे पर रहेगें । 21 सितम्बर को झरौणू गांववासियों की ओर से साढे बारह भार कूर और तथा लुहाड गांववासियों की ओर से पांच भार कूर होगा। इसके पश्चात देवता का मिथनू मेले का आगाज होगा जिसमें देवता भझारी भी पधारेगें और शाम को देवता काण्डा गांव प्रस्थान करेगें। 22 सितम्बर को काण्डा में साढे बारह भार कूर भरा जाएगा। तत्पशचात प्रभु दूसरे दिन मिथनू मेले के लिए प्रस्थान करेगें तथा 23 सितम्बर को देवता खडोरण पधारेगें। इस अवसर पर कारदार इन्द्र सिंह, सचिव ठाकुर दास, सहित आदि मौजूद रहे।

# बिजली रहेगी बंद

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन। हिमाचल प्रदेश** विद्युत बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 सितम्बर, 2023 को आवश्यक रखरखाव एवं मुरम्मत के दृष्टिगत सोलन शहर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जनकारी गत दिवस को विद्युत बोर्ड के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 12 सितम्बर, 2023 को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक सोलन शहर के पोल्ट्री फ ार्म, तहसील, कोटलानाला, पुलिस थाना, धोबीघाट, वार्ड नम्बर 07, संस्कृति महाविद्यालय, आदर्श नगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने इस अवधि में लोगों से सहयोग की अपील की है।

# इंटेक ने मंडी की दस हस्तियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**भारतीय संस्कृति** निधि इंटेक मंडी ने मंडी में आयोजित एक गरिमामयी आयोजन में मंडी की दस हस्तियों को इस वर्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया। संगीत, कला, साहित्य, रंगमंच, पर्यावरण व विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को यह सम्मान दिया गया। सम्मान समारोह में एसपीयू की प्रति कुलपति प्रोण अनुपमा सिंह ने बतौर मुख्यातिथि व भारत के



राष्ट्पति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित अंशुल मल्होत्रा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में मुख्यातिथि प्रो. अनुपमा सिंह ने संगीत जगत से बालकृष्ण शर्मा, शुक्ला शर्मा व अभिषेक विष्ट, इतिहासकार किशोरी लाल वैद्य, जंगली फ लों के विशेषज्ञ डॉ. चिरंजीत परमार, साहित्यकार मुरारी शर्मा, योगेश्वर शर्मा, स्थानीय कला मंच व लोक नृत्य का बढावा देने वाले प्रो. रमेश रवि, पर्यावरणविद नरेंद्र सैणी व साहित्यकार पौमिला ठाकुर को

# बेटी के जन्मदिवस पर मयंक ने चांद पर जमीन खरीदकर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**
**भारतवर्ष के** इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा चांद पर चंद्रयान-3 के सफ ल लॉन्चिंग के बाद हर भारतीय नागरिक उत्साहित है। अब देश के लोग चंद्रयान-3 की सफ लता के बाद प्रोत्साहित होकर कुछ नया करने का सोच रहे हैं। इसी सोच को लेकर सिरमौर जिला के दूरदराज क्षेत्र शिलाई के देवथल गांव के आईटी इंजीनियर मयंक शर्मा ने कुछ नया करने का प्रयास किया है। चंडीगढ़ में आईटी कंपनी चला रहे सिरमौर जिला के देवथल गांव के मयंक शर्मा ने अपनी बेटी शिवन्या के सातवें जन्मदिन पर चांद पर 2 एकड़ जमीन खरीद कर अपनी बेटी को एक बड़ा तोहफ ा दिया



है। मयंक शर्मा ने बताया कि क्योंकि चंद्रयान-3 की सफ लता से देश का हर व्यक्ति उत्साहित है ऐसे में वह अपनी बेटी को इस सफ लता पर चांद पर ही एक जमीन का टुकड़ा गिफ्ट दे रहे हैं। आईटी इंजीनियर मयंक शर्मा ने बताया कि अमेरिका की लूना सोसायटी इंटरनेशनल चांद पर जमीन बेचती है।इसके लिए बाकायदा लूना सोसायटी इंटरनेशनल की वेबसाइट पर संपर्क किया गया। बाकायदा मैप पर चांद पर जमीन को दिखाया जाता है। इसी प्रकिर्या के तहत मयंक शर्मा ने अपनी बेटी शिवन्या के नाम चांद के नॉर्थ पार्ट पर बे ऑफ रेनबो में दो एकड़ जमीन खरीदी है। जमीन के बाकायदा दस्तावेज भी मयंक शर्मा को प्राप्त हो गए हैं। मयंक शर्मा ने शनिवार को अपनी बेटी शिवन्या के जन्मदिवस पर यह दस्तावेज शिवन्या को भेंट कर उन्हें चांद की जमीन का तोहफा दिया है। मयंक शर्मा ने बताया कि पूरे विश्व में चांद पर जमीन खरीदने का ट्रेंड चल रहा है।बकायदा जमीन की हार्ड कॉपी भी लूना सोसायटी इंटरनेशनल अमेरिका द्वारा स्थानीय पते पर भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल्य के हिसाब से उन्होंने चांद के नॉर्थ पार्ट पर बे ऑफ रेनबो में दो एकड़ जमीन के 4500 रुपए ऑनलाइन लूना सोसायटी इंटरनल अमेरिका को दिए हैं।

# कनलोग-बेमलोई लिंक रोड खोलने के लिए श्रमदान

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**हिमाचल प्रदेश** में जुलाई-अगस्त के महीने में हुई बारिश ने जमकर तबाही मचाई। राजधानी शिमला भी इससे बच नहीं सकी और शिमला के कई इलाकों में भारी तबाही हुई। शिमला के ही कनलोग इलाके में भारी बारिश की वजह से भूस्खलन हुआ और कनलोग को बेमलोई से जोडने वाली सडक पूरी तरह ढह गई। इसकी वजह से न केवल नेशनल हाईवे ब्लॉक हुआ, बल्कि साथ लगते गाड़ी के शोरूम को भी नुकसान पहुंचा। इस रास्ते को बहाल करने के लिए लंबे वक्त से काम चल रहा है, लेकिन अब



तक गाडियों की आवाजाही शुरू नहीं हो सकी। इस बीच शिमला के मेयर सुरेंद्र चौहान ने स्थानीय पार्षद आलोक पठानिया के साथ मिलकर लोगों के साथ श्रमदान में हिस्सा लिया। रविवार के दिन छुट्टी के चलते सुबह 8 बजे से ही लोगों ने रास्ता बहाल करने के लिए मजदूरों का साथ दिया और सडक पर पड़ी मलबे और मिट्टी को हटाया। मेयर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि लंबे वक्त से रास्ता बहाल करने का काम चल रहा है। यहां हजारों टन मलबा सडक पर पड़ा था। इसे देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो इस सडक से हटाया ही नहीं जा सकेगा, लेकिन लगातार हो रहे काम के चलते मलबा हटाने में सफ लता मिली है। स्थानीय लोगों ने भी मिलकर सडक बहाल करने में भरपूर साथ दिया है। मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू खुद हालात का जायजा ले रहे हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें कि यह सडक बेहद महत्वपूर्ण है। सर्कुलर रोड को बाईपास से जोडने में इस कनलोग-बेमलोई सडक की अहम भूमिका है। लंबे वक्त यह सडक बंद पड़ी हुई है। ऐसे में यहां गाडियों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। इस सडक पर आवाजाही शुरू होने के बाद सर्कुलर रोड और खलीनी पर लग रहा ट्रैफि क भी कम हो सकेगा। बता दें कि यह वही जगह है जहां बीते दिनों मेयर सुरेंद्र चौहान ने सडक पर बैठकर ही कई फ ाइल्स भी साइन की थी। मेयर सुरेंद्र चौहान ने श्रमदान के लिए स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उम्मीद जताई है कि सोमवार दोपहर तक इस सडक पर आवाजाही शुरू कर दी जाएगी।

# बरसात से प्रभावित परिवारों की करेंगे हर संभव मदद: जीवन ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**
**पिछले दिनों** भारी बारिश और बाढ़ के चलते विधानसभा क्षेत्र जोगिंद्रनगर के विभिन्न स्थानों पर बहुत नुकसान हुआ है। किसी का घर किसी की गौशाला तू कहीं पर जमीन धंस गई है। क्षेत्र में हुए इस नुकसान का प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर प्रभावित गांवों में जाकर पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें तिरपाल आदि भेंट कर रहे हैं। जहां पर नुकसान ज्यादा हुआ है वहां पर प्रशासन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए जा रहे हैं।



जीवन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने लडभडोल क्षेत्र के दलेड, कतकल, भलारा, ममाण, करसाल आदि गांवों में में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया तथा मौके पर पहुंचकर घरों को बचाने के लिए तिरपाल देकर मकानो को सुरक्षित करवाने का प्रयास किया। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से जल्द ही प्रशासन की तरफ से मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार हर सम्भव सहायता प्रदान करने को कहा।

